महोदय, विदर्भ स्वतंत्रपूर्ण काल से ही कपास के लिए प्रसिद्ध है। मैनचेस्टर के कपड़ा उद्योग के लिए विदर्भ का कपास निर्यात किया जाता था। उस वक्त कपास ले जाने के लिए यवतमाल- मुर्तिजापुर-अचलपुर नैरो गेज शकुंतला एक्सप्रेस शुरू की गई थी। इस ट्रेन के साथ यु. कि केलिक नेक्सन कंपनी उनके करार के अनुसार चल रही थी। 1952 में सभी रेल यंत्रणा का राष्ट्रीयकरण किया गया था। इस राष्ट्रीयकरण में उपरोक्त रेल रूट और शकुंतला एक्सप्रेस रेलवे के राष्ट्रीयकरण से वंचित रही। दस साल पहले यह करार भी समाप्त हो गया और इस कंपनी ने इस नैरो गेज को चलाना बंद कर दिया। उपसभापति महोदय, *"मैंने ऐसी छुक छुक नैरो गेज रेलवे में यात्रा करने का आनंद लिया है। इस ट्रेन के बंद होने पर पूरा विदर्भ दुखी हुआ था और उनके पुनरुद्धार की मांग पूरे विदर्भ से आ रही है। शकुंतला रेलवे विकास समिति और कई रेलवे संगठन इसके लिए आंदोलन कर रहे हैं, इसलिए रेल मंत्रालय द्वारा इस नैरो गेज रेल मार्ग को ब्रॉड गेज में परिवर्तित करना आवश्यक है।"

महोदय, यवतमाल, अकोला और अमरावती जिलों के महत्वपूर्ण व्यापारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली इस नैरो गेज रेलवे का रूपांतर ब्रॉड गेज में करना सर्वांगीण विकास करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इन तीन जिलों के रेलवे से जुड़ जाने के बाद औद्योगिक विकास तथा कृषि उपज का परिवहन सुलभ हो जाएगा। अचलपुर आदिवासी बेल्ट मेलघाट और यवतमाल अभी तक रेलवे से जुड़ी नहीं है। इसके बाद  यह पुनः मुंबई और दिल्ली से डायरेक्ट्ली कनेक्ट हो जाएगी। महोदय, कांग्रेस शासन में अनेक प्रयासों तथा जनता की मांग के बाद भी इसे दुर्लक्षित किया गया। इस नैरो गेज का ब्रॉड गेज में रूपांतरण करने के लिए भू संपादन करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि रेल के पास ही पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। इसमें कुछ कानूनी दिक्कतें थीं, लेकिन अब वे दूर हो गई हैं, इसलिए मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से नम्र विनती है कि बहुप्रतीक्षित यवतमाल-मुर्तिजापुर-अचलपुर नैरो गेज शकुंतला एक्सप्रेस का रूपांतर ब्रॉड गेज में तीव्र गति से शुरू करें और पश्चिम विदर्भ की शान रहने वाली शकुंतला एक्सप्रेस का शुरू होना मागास संभाग के विकास के लिए महत्वपूर्ण घटना रहेगी। महोदय, सरकार यह कदम उठाएगी - मैं ऐसी उम्मीद करता हूं, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Dr. Anil Sukhdeorao Bonde: Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra) and Dr. Sasmit Patra (Odisha).

**Demand to start a superfast train from Manikpur Junction in Uttar Pradesh to Delhi**

**श्री बाबू राम निषाद** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं सदन के समक्ष बुंदेलखंड के चित्रकूट धाम से एक नई ट्रेन चलाने की डिमांड करता हूं, क्योंकि लाखों लोगों का वहाँ पर आवागमन होता है और आज तक चित्रकूट से कोई सीधी ट्रेन नहीं चली है।

---

* Hindi translation of the original speech delivered in Marathi.

महोदय, मैं मानिकपुर जंक्शन से नई दिल्ली वाया चित्रकूट, बाँदा, खैरादा जंक्शन, सुमेरपुर, हमीरपुर रोड, घाटमपुर, भीमसेन, कानपुर सैंट्रल से होते हुए एक सुपरफास्ट ट्रेन प्रतिदिन चलाए जाने के संबंध में आपसे अनुरोध करना चाहता हूं।

माननीय उपसभापति जी, मैं उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के पिछड़े जनपद हमीरपुर का रहने वाला हूं। जनपद हमीरपुर अपनी स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण कर चुका है, लेकिन आज भी रेलवे परिवहन से संबंधित तमाम समस्याओं से ग्रसित है। जनपद हमीरपुर में एकमात्र रेलवे ट्रैक मानिकपुर जंक्शन से कानपुर सैंट्रल के मध्य स्थित है। इसमें बहुत सीमित ट्रेन्स का आवागमन है। इतना ही नहीं जनपद हमीरपुर से निकलने वाले एकमात्र रेलवे ट्रैक खैरादा जंक्शन, सुमेरपुर, हमीरपुर रोड, घाटमपुर, भीमसेन, कानपुर सैंट्रल से होते हुए नई दिल्ली के लिए कोई भी ट्रेन उपलब्ध नहीं है।

संत तुलसीदास जी की तपोभूमि, चित्रकूट धाम सनातन धर्म की आस्था का प्रतीक है, धार्मिक स्थल है। यहाँ देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान कामतानाथ जी के दर्शन के लिए आते-जाते हैं। इस रूट से प्रतिदिन एक सुपरफास्ट ट्रेन चलने से श्रद्धालुओं को यातायात की कठिनाइयों से निजात मिलेगी। अतः सदन के माध्यम से, मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि उक्त रूट पर नई सुपरफास्ट ट्रेन चलाने का कष्ट करें, बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Baburam Nishad: Dr. Anil Sukhdeorao Bonde (Maharashtra), Shrimati S. Phangnon Konyak (Nagaland), Shri Banshilal Gurjar (Madhya Pradesh), Dr. Kalpana Saini (Uttarakhand), Shri Naresh Bansal (Uttarakhand), Shrimati Geeta alias Chandraprabha (Uttar Pradesh), Shrimati Sangeeta Yadav (Uttar Pradesh), Shrimati Seema Dwivedi (Uttar Pradesh), Shri Amar Pal Maurya (Uttar Pradesh), Shri Brij Lal (Uttar Pradesh), Shri Aditya Prasad (Jharkhand), Shri Babubhai Jesangbhai Desai (Gujarat), Shri Ram Chander Jangra (Haryana), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri S. Selvaganabathy (Puducherry), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri Shambhu Sharan Patel (Bihar) and Dr. Sasmit Patra (Odisha).

माननीय श्री मिथलेश कुमार जी। 'Demand for extending the benefit of Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (Ayushman Card) to people Below Poverty Line.'

## Demand to extend the benefit of the Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (Ayushman Card) to the people Below the Poverty Line

**श्री मिथलेश कुमार** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान कार्ड) की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूँ, जिसमें ऐसे लोग, जिनके परिवार में छः सदस्य से कम, अर्थात एक परिवार में चार सदस्य ही हैं,